# अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

## दिनांक– 21.09.2023 को सम्पन्न निविदा तकनीकी मूल्याकंन समिति की बैठक की कार्यवाही:–

बैठक में कार्य प्रमण्डल, दरभंगा के अंतर्गत बेगूसराय जिला में क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन (G+2) का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09 / एस0बी0डी0 / 2023–24 के ग्रुप सं0–12 द्वारा आमंत्रित निविदा के अंतर्गत प्राप्त बीड के तकनीकी बीड का मूल्यांकन किया गया।

1. उपस्थिति:–

| | | |
|---|---|---|
| 1.1 | श्री अनुराधा चन्द्र, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना | – अध्यक्ष |
| 1.2 | श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 1.3 | श्री विद्या भूषण प्रसाद, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 1.4 | श्री मिथिलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा | – सदस्य |

2. निविदा के संबंध में विवरण:–

| | | |
|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | – दरभंगा के अंतर्गत बेगूसराय जिला में क्षेत्रिय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन (G+2) का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य |
| 2.2 | प्रमण्डल का नाम | – दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा |
| 2.3 | राज्यादेश की राशि एवं प्रसंग | – रू0–5,61,24,000 / – ज्ञापांक06 / योजना–01–09 / 2021गृ०आ०1136 / पटना, दिनांक 10.02.2022 |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – रू0–5,48,78,450 / – एच0क्यू0 1513 (अनु0), दिनांक–08.05.2023 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – रू0–4,38,76,300 / – ज्ञापांक– अभि0 494 पटना, दिनांक 12.05.2023 |
| 2.4 | परिमाण विपत्र की राशि | – रू0–4,38,76,285 / – |
| 2.5 | निविदा की प्रक्रिया | – e-tender (SBD) |
| 2.6 | निविदा प्राप्ति की तिथि | – 23.06.2023 |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | – 12 माह |
| 2.8 | प्राप्त निविदा की संख्या | – 02 (एक अदद) यथा<br>1. Mrityunjay Kumar<br>2. Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. |
| 2.9 | प्राप्त निविदा पुर्ननिविदा है या नहीं | – पुर्ननिविदा है। |

3. तकनीकी बीड की समीक्षा:–

दिनांक 17.08.2023 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठक में इस निविदा में प्रतिभागी 02 (दो) निविदादाताओं के तकनीकी बीड का मूल्यांकन के पश्चात् 01 (एक) निविदादाता यथा Mrityunjay Kumar के तकनीकी बीड को मान्य योग्य पाया गया था। जबकि दूसरे निविदाकार

Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. के द्वारा Electrical Work का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने के कारण उनके तकनीकी बीड को अमान्य किया गया था। निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकारों को उनके e-mail से सूचित कर तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति के निर्णय के विरूद्ध आपत्ति दर्ज करने का अवसर दिया गया। निर्धारित अवधि में Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज की गई कि उनके तकनीकी बीड के साथ M/s Subodh Kumar Singh (sub-contractor) के विद्युतिकरण का अनुज्ञापत्र एवं कार्य अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित रहने के आधार पर निविदा में SBD के कंडिका 4.5 A(d) के अनुसार उनके तकनीकी बीड को मान्य करने का अनुरोध किया गया।

दिनांक 17.08.2023 को संपन्न निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति की संपन्न बैठक में निविदादाता Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. के दावा पर विचार करने के उपरान्त उनके तकनीकी बीड को मान्य करने का निर्णय लेते हुए निविदा में प्रतिभागी दोनों निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलने की अनुशंसा कि गई।

निविदा पर अंतिम निर्णय हेतु निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए संचिका मुख्य अभियंता के यहाँ भेजी गई। मुख्य अभियंता के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के ज्ञापांक 14/अ0प्र0–3–56/14 10355, पटना, दिनांक 26.08.2016 द्वारा Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. को 10 वर्षों के लिए विभागीय काली सूची में डाले जाने संबधी सकारण आदेश के आधार पर Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. के तकनीकी बीड को अमान्य मानते हुए निविदा पर तकनीकी बीड पर पुनर्विचार का निदेश निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति को दिया गया ।

4. निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णय निम्नवत हैः–

4.1 उपर्युक्त समीक्षा के आलोक में निविदा में प्रतिभागी निविदाकार Mrityunjay Kumar के तकनीकी बीड को मान्य एवं Shiva Electro Steels Pvt. Ltd. के तकनीकी बीड को NIT के कंडिका 41(ग) के अनुसार गलत शपथ पत्र समर्पित करने के कारण उनके तकनीकी बीड को अमान्य किया गया।

4.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकारों को उनके e-mail से सूचित करने की अनुशंसा की जाती है। तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

4.3 पाँच कार्य दिवस अवधि के अंतर्गत प्राप्त आपत्ति पर ही विचार किया जाएगा। विलंब से प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21.9.23 | 21/09/23 | 21/09/2023 | 21/9/23 |
| **कार्यपालक अभियंता** | **तकनीकी सलाहकार** | **मुख्य लेखा पदाधिकारी** | **अधीक्षण अभियंता** |
| दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा | कार्य अंचल–01 | मुख्यालय, पटना | कार्य अंचल–01 |